हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार,12 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 15 .2 डिग्री
न्यूनतम 5 .1 डिग्री

11 अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में जुटी सरकार : डिप्टी स्पीकर



12 हांसी को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए भाखड़ा से उपलब्ध करवाया जाएगा पानी



## खबर संक्षेप

### 16 बोतल अवैध शराब सहित दो व्यक्ति काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को काबू करके 16 बोतल अवैध शराब बरामद की है। हरिकोट निवासी सुरेन्द्र को 8 बोतल अवैध शराब और बस स्टैंड कुलेरी से कुलेरी निवासी कुलदीप को काबू करके 8 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशन में महिला थाना पुलिस ने टाउन पार्क में महिलाओं और उपस्थित लोगों को महिला अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया।

### नाबालिग युवतियों से दुष्कर्म का प्रयास

**हिसार।** नाबालिक युवतियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने युवकों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में युवतियों के पिता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता व उसकी पत्नी काम पर जाते हैं जबकि घर पर उसकी 14 व 12 साल की दो बेटियां अकेली रहती है।

### 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ 14 को

**हिसार।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आर्य समाज नलवा की ओर से 14 जनवरी को 21 कुंडीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पुरोहित सोमित्र शास्त्री ने बताया कि इस यज्ञ में कन्या गुरुकुल डोभी की ब्रह्मचारिणियों द्वारा वेद पाठ किया जाएगा तथा गांव के 100 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए जाएंगे।

### श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में लगाया भंडारा

**हिसार।** श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में अमावस्या का मासिक भंडारा लगाया गया। इस वर्ष की पहली अमावस्या पौष अमावस्या रही। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने कहा कि अमावस्या बड़ी ही फलदाई है इससे पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में हिसार पिछड़ा, देशभर में 194वें रैंकिंग पाई

- वर्ष 2022 में 115वीं रैंकिंग के मुकाबले ताजा रैंकिंग में हिसार 79 अंक पिछड़ा
- प्रदेश स्तर पर एक अंक के सुधार के साथ हिसार 7वें स्थान पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की जारी रैंकिंग में हिसार नगर निगम पिछले साल की तुलना में और अधिक पिछड़ गया है। ताजा रैंकिंग में हिसार देशभर के शहर में स्वच्छता के मामले में 194वें स्थान पर रहा है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में हिसार शहर को राष्ट्रीय स्तर पर 115वीं रैंकिंग मिली थी। उस रैंकिंग को देखते नगर निगम अधिकारियों ने हिसार शहर को देश में टॉप 100 की सूची में जोर लगाने शुरू किया, लेकिन वर्ष 2022 की रैंकिंग से हिसार 79 अंकों और पीछे चला गया। प्रदेश की रैंकिंग की बात की जाए तो हिसार ने थोड़ा सुधार किया है। पिछली बार प्रदेश स्तर पर हिसार की 8वीं रैंकिंग थी, इस बार एक अंक के सुधार के साथ प्रदेश में 7वें स्थान पर पहुंच गया है।




### हिसार को कहां कितने अंक मिले

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में हिसार नगर निगम के लिए जारी सिटी कार्ड के अनुसार घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने में 82 फीसद, आवासीय क्षेत्रों में सफाई 80 फीसद, जल निकायों की स्वच्छता में 60 फीसद, सार्वजनिक शौचालय की सफाई में 80 फीसद, मार्केट एरिया में सफाई 80 फीसद, सेनिग्रेशन में 6 फीसद, कूड़ा-करवट के निवारण में 56 फीसद, अपशिष्ट उत्पादन प्रसंस्करण में 37 फीसद अंक मिले।




### बरवाला ने हांसी को पीछे छोड़ा

जिला के विभिन्न शहर निकायों की बात की जाए उकलाना नगर पालिका ने हांसी नगर परिषद को भी पीछे छोड़ दिया है। उकलाना प्रदेश में 52वें तथा देश में 3264वें स्थान पर है, जबकि हांसी प्रदेश में 54वें तथा राष्ट्रीय स्तर पर 3297वें स्थान पर है। बरवाला नगर परिषद प्रदेश में 57वीं तथा देश में 3410 रैंकिंग आई है। उसके बाद नारनौंद नगर पालिका का नंबर है। नारनौंद की प्रदेश में 62वीं तथा देश में 3696वीं रैंकिंग आई है। उधर, आदमपुर नगर पालिका ने प्रदेश 69वीं तथा राष्ट्रीय स्तर पर 3864वीं रैंकिंग हासिल की।

### हिसार को स्वच्छता सर्मेक्षण में रैंकिंग

| वर्ष | देश में | प्रदेश में |
|---|---|---|
| 2023 | 194 | 7 |
| 2022 | 115 | 8 |
| 2021 | 165 | 5 |
| 2020 | 105 | 6 |
| 2019 | 173 | 7 |
| 2018 | 146 | 5 |
| 2017 | 291 | 6 |

### जिले की नगर निकायों का प्रदर्शन

| शहर | देश में | प्रदेश में |
|---|---|---|
| हिसार | 194 | 7 |
| उकलाना | 3264 | 52 |
| हांसी | 3297 | 54 |
| बरवाला | 3410 | 57 |
| नारनौंद | 3696 | 62 |
| आदमपुर | 3864 | 69 |



**हांसी।** सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद। फोटो : हरिभूमि

## एसपी ने 9 सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बृहस्पतिवार को सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ राजपत्रित अधिकारी व निरीक्षक व सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी व अनुसंधानकर्ता व सर्वश्रेष्ठ यातायात कर्मचारी के कार्यों का अवलोकन करके 9 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

पुलिस अधीक्षक ने सर्वश्रेष्ठ राजपत्रित अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद रविन्द्र सांगवान को जघन्य अपराधों के अभियोग व सम्पत्ति विरुद्ध अपराधों के अभियोगों को सत्यापित किया व उनके पास आने वाली शिकायतों का समय पर निपटारा किया। उप निरीक्षक जगबीर थाना बास व मुख्य सिपाही जसबीर थाना शहर हांसी को सर्वश्रेष्ठ अनुसंधानकर्ता, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एएसआई प्रदीप कुमार का सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्य सिपाही सुरेंद्र मोहर्र ने पुलिस लाइन हांसी ने बाहरी परिसर में सफाई के संदर्भ में सहरानीय कार्य किया है। उप निरीक्षक रामनिवास व सिपाही जसबीर ने ईमानदारी, मेहनत व लग्न से यातायात व्यवस्था को कन्ट्रोल करने में अहम भूमिका निभाई है व टर्न आउट अच्छा पाया गया। उप निरीक्षक जगबीर व मुख्य सिपाही विरेन्द्र ने ग्राम, वार्ड प्रहरी के रुप मे सहरानीय कार्य किया है।

### वीडियो कॉल करते समय सावधान रहें : एसपी

*हिसार। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने नागरिकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को वैसे ही सुरक्षित रखना है जैसे हम स्वयं को सुरक्षित रखते हैं। बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए हांडा ने कहा कि यदि अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर सही सेटिंग्स का चयन नहीं किया तो उनके द्वारा पोस्ट किए गए फोटो और वीडियो उनकी जानकारी के बिना अन्य लोगों द्वारा देखे, डाउनलोड और उपयोग किए जा सकते हैं।*

## प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने की पुलिस कर्मी को बर्खास्त करने की मांग

# दुकानदार से मारपीट मामले में पुलिस कर्मी सहित कई लोगों पर मामला दर्ज

- मौके पर पहुंचे डीएसपी विनोद शंकर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

डाबड़ा चौक क्षेत्र के प्लाइवुड दुकानदार से मारपीट करने के मामले में अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने आरोपित पुलिस कर्मचारी सहित 7-8 अन्य पर केस दर्ज किया है। प्रदेश व्यापार मंडल ने जहां इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने व पुलिस कर्मचारी को बर्खास्त करने की मांग कर डाली है वहीं डीएसपी विनोद शंकर ने व्यापार मंडल व पीड़ित दुकानदार को आश्वासन दिया है कि इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित दुकानदार हर्ष ने कहा है कि वह बुधवार को अपनी दुकान पर था। उसकी दुकान पर एक ग्राहक आया, जिसका बाद में पता चला कि वह पुलिस कर्मचारी है। उसने उससे पर्दे का सामान मांगा तो उसने पुलिस कर्मी को सामान की कीमत बता दी। उसने रुपये कम करने के लिये बोला उसने पुलिस कर्मी को कहा कि सामान के जो रेट बताए हैं, वही लगेंगे, अगर आपको कहीं और सस्ता मिले तो ले सकते हैं। इसके बावजूद वह पुलिस का रौब झाड़ते हुए पैसे कम करने की कहता रहा और बदतमीजी करने लगा। वह बार-बार गलत बोलते हुए दुकान से बाहर जा रहा था व सामान न मिलने पर गालियां निकालने लगा। शोर सुनकर उसका भाई राहुल, पिता श्याम लाल व उसकी पत्नी व भाभी नीचे आ गए लेकिन पुलिस कर्मी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब घरवालों ने बीच बचाव किया तो उसने अपने 7-8 साथियों को बुला लिया। उन्होंने मारपीट करते हुए उसके सिर पर कस्सी से पर वार किया। उसके भाई, पिता व चाचा राजेश के साथ भी उन्होंने मारपीट की।



**हिसार।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

### डीएसपी ने दिया आश्वासन

इस दौरान डीएसपी विनोद शंकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग गर्ग व व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मेडिकल रिपोर्ट के हिसाब से और जो धारा बनेगी, उसे लगा कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई नहीं करने पर बाजार बंद करने की धमकी

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने डाबड़ा चौक स्थित प्लाइवुड व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारी को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हर रोज व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता के साथ लूटपाट, फिरौती, अपहरण व चोरी की वारदातें हो रही है। ईश्वर प्लाइवुड के मालिक पर पुलिस कर्मचारी व उसके साथियों द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में व्यापारियों की बैठक लेने के बाद पत्रकार वार्ता में कहा कि पुलिस प्रशासन तुरंत प्रभाव से मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारी व उसके साथियों को गिरफ्तार करे और मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारी को तुरंत बर्खास्त करे। अगर पुलिस प्रशासन ने मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारी व उसके साथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की तो व्यापारी बाजार बंद करके आंदोलन करेगा।

### ये रहे उपस्थित

*मौके पर पीड़ित व्यापारी श्यामलाल, राहुल सैनी व हर्ष सैनी, प्रमुख व्यापारी नेता अजय सैनी, राजगुरु मार्केट आगेर्नाइजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, संरक्षक शिवकुमार सैनी, सुरेंद्र सोनी, राजेंद्र सैनी, मंगल ढालिया, गौरव सैनी, राजू तंवर, अमर गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, दिलबाग पंघाल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, राहुल गर्ग, राजेश सैनी, अंकित सैन आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।*

## बंदियों ने सोशल साइट पर अपलोड करवाई फोटो और अन्य सामग्री

- पुलिस ने सेंट्रल जेल के दो बंदियों सहित चार के खिलाफ दर्ज किया केस

**हिसार।** सेंट्रल जेल के दो बंदियों द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो व अन्य सामग्री अपलोड किए जाने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस जहां जांच में जुटी है वहीं आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

फतेहाबाद जिले के भूना के वाल्मीकि मोहल्ला निवासी बंदी सोनू उर्फ बच्ची व रवि उर्फ चुहिया ने सोशल मीडिया साइट पर फोटो व अन्य सामग्री अपलोड की है। पुलिस के अनुसार दोनों की अपनी गैंग से जुड़े अन्य लोगों के साथ जेल के अंदर की फोटो किसी भी इलक्ट्रिक डिवाइश के माध्यम से जेल से बाहर उचाना खुर्द निवासी आकाश द्वारा सोनू उर्फ बच्ची के सगे भाई अंकित के माध्यम से अपनी आईडी आकाश राणा व सोनू उर्फ बच्ची की आईडी पर सोशल मीडिया के अलग-अगल प्लेटफार्म पर पोस्ट की। पुलिस के अनुसार जेल के अंदर किसी प्रकार के इलक्ट्रिक डिवाइश का प्रवेश जेल नियमों के तहत संज्ञेय अपराध है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है लेकिन पुलिस का कहना है कि इस मामले में आकाश राणा का मोबाइल पहले ही हिसार एसटीएफ के पास है और जांच की जा रही है। अब तक की जांच में सामने आया है कि दोनों बंदी सोनू उर्फ बच्ची व रवि उर्फ चुहिया अपनी आईडी के माध्यम से आकाश राणा व अंकित के माध्यम से यह सब करवाते थे। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ बच्ची, रवि उर्फ चुहिया, आकाश राणा व सोनू की मौसी के लडके अंकित के खिलाफ केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है।

# डिप्टी सीएम ने उकलाना रेस्ट हाउस का किया शिलान्यास

- रेस्ट हाउस के निर्माण पर खर्च होंगे 11 करोड़ 60 लाख रुपये
- उप-मुख्यमंत्री का उकलाना और बरवाला विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गांव के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है, पहले जहां 1200 रुपये प्रति व्यक्ति के आधार पर सरकार की तरफ से पंचायत को अनुदान मिलता था। अब 2000 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से पंचायत को विकास कार्यों के लिए अनुदान मिलेगा। वे वीरवार को उकलाना और बरवाला विधानसभा के गांव कनोह, फरीदपुर, उकलाना शहर, सुरेवाला, खरक पुनिया, राजली, गांव खेड़ी बर्की तथा गांव रायपुर आदि गांवों में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक के साथ उकलाना के रेस्ट हाउस का भी शिलान्यास किया। रेस्ट हाउस के निर्माण पर 11 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव कनोह में डिजिटल लाइब्रेरी, कम्युनिटी सेंटर तथा व्यायामशाला बनाने की घोषणा की। गांव सुरेवाला में डिप्टी सीएम ने गांव में कम्युनिटी सेंटर तथा डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की। गांव खरक पूनिया में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री ने गांव में कम्युनिटी सेंटर व स्कूल का गेट बनाने की घोषणा की।



**हिसार।** कार्यक्रम में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, श्रम मंत्री अनूप धानक एवं बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग, हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र लितानी, हरियाणा योग आयोग से नरेश पुनिया, शीला भ्याण, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, कैप्टन छाजूराम, अनिल बालकिया, दिलदार पूनिया, नरेश पुनिया, मास्टर गुलाब, अजित सिसाय, सतपाल राठी, सुनील कुंडू, जगबीर किरमारा, सपना पूनिया, रघुवीर थानेदार, धूप, बबलू गोदारा, नेकीराम श्योराण, संदीप कुंडू, मैंडी पाबड़ा, जगदीप कुंडू, राहुल गोदारा सहित आस-पास क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

### अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी सक्षम : दुष्यंत

**उकलाना।** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है। आज बूथ स्तर पर इकाइयों का गठन हो चुका है। अगर समझौता रहा तो गठबंधन के अनुरूप सीटों का बंटवारा होगा और उन पर चुनाव लड़ा जाएगा नहीं तो अकेले भी चुनाव लड़ने के लिए पार्टी तैयार है। डिप्टी सीएम बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सांसद बृजेंद्र सिंह के बयान पर कहा कि वह पार्टी छोड़ेंगे या नहीं वह तो खुद ही जाने। समझौता पार्टियों के साथ होगा लेकिन दोनों पार्टियों अपने स्तर पर काम कर रही। ईडी की रेड पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विपक्ष जब सरकार में होता था तो सीबीआई का सहारा लिया जाता था। आज ईडी के माध्यम से छापेमारी हो रही है। जो गलत कर रहा है उसको भुगतना पड़ेगा चाहे वह कोई भी हो।

## रुमस्ते पिक के 11 दिनों के अभियान को मात्र चार दिन में पूरा किया

# पर्वतारोही रीना भट्टी की एक और सफलता, लद्दाख में भी गाढ़ा तिरंगा झंडा

- लद्दाख कांगड़ी शिखर की ऊंचाई 6070 मीटर है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एक कहावत है कि अगर ठान लो तो कुछ भी मुश्किल नहीं है। इस कहावत को सार्थक किया जिले के बालक गांव की बेटी रीना भट्टी ने। रीना भट्टी ने इस कड़ाके की ठंड में लद्दाख में पहुंच कर कांगड़ी विंटर में लद्दाख की शिखर पर झंडा गाढ़ दिया है। यूटी कांगड़ी विंटर लद्दाख कांगड़ी शिखर जिसकी ऊंचाई 6070 मीटर है और यह रुमस्ते गांव की ऊपरी घाटी में नई खोजी गई बर्फ से ढकी हुई चोटी है। अधिकतर इस चोटी को फतह करने के लिए 11 दोनों का अभियान चलता है, लेकिन हिमपुत्री रीना भट्टी ने न्यूनतम-30 डिग्री तापमान में इसको चार दिनों में पूरा किया है। हिमपुत्री के नाम से विख्यात रीना भट्टी ने अपने सफल प्रयासों की लिस्ट में एक और चोटी को फतह करने में अपना नाम लिखकर लिस्ट को और लंबा कर दिया है।

### सरपंच ने बताया गांव के लिए गर्व की बात

बालक गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण रेढू ने उनके गांव की बेटी रीना भट्टी की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उन्हें अपने गांव की बेटी पर गर्व है। सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण ने कहा कि पहले भी रीना भट्टी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं जिससे उनके गांव, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन हुआ है।



**हिसार।** तिरंगा फहराते रीना भट्टी। फोटो : हरिभूमि

### बड़ा कठिन था पर हौसले ने दिलवाई जीत : रीना

*लद्दाख में चोटी पर तिरंगा फहराकर हिसार लौटी हिमपुत्री रीना भट्टी ने गुरुवार को सजग के प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के जिला अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल से सजग के कार्यालय वास्तु हब पर औपचारिक मुलाकात कर अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि लद्दाख की रूमस्ते चोटी का सफर बड़ा कठिन था, लेकिन मन में विश्वास और हौसले ने उसे जीत दिलवाई। उसने कहा कि 6070 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ते समय कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा लेकिन मन में कुछ कर गुजरने की तमन्ना थी इसलिए कदम आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि इस चोटी को फतेह करते हुए उसके सामने काफी चुनौतियां आई लेकिन वह किसी भी चुनौती से घबराई नहीं और अपने लक्ष्य पर निगाहें रखी। इस अवसर पर सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि रीना ने पूरे विश्व में हिसार का नाम रोशन किया है।*

## निगम के एमआरएफ सेंटर के विरोध में उतरे क्षेत्रवासी, किया प्रदर्शन

**हिसार।** शहर के पड़ाव चौक क्षेत्र के निवासियों ने नगर निगम की ओर से बनाए जा रहे एमआरएफ सेंटर का विरोध कर डाला है। बृहस्पतिवार देर सायं इस क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने निगम की योजना के विरोध में प्रदर्शन किया और कहा कि उन्हें यह सेंटर नहीं चाहिए।

इससे पहले सैकड़ों क्षेत्रवासी गुर्जर अहीर धर्मशाला में एकत्रित हुए और नगर निगम की योजना का विरोध किया। उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर कहा कि इस एमआएफ सेंटर से पहले हमें स्वास्थ्य केंद्र, व्यायामशाला, लाइब्रेरी, सीनियर सिटीजन क्लब की आवश्यकता है। यही नहीं, यहां पर 500 मीटर से भी कम दूरी पर पहले से ही एक एमआरएफ सेंटर चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार व निगम ने क्षेत्र में हजारों की संख्या में रहने वाले लोगों की सुध नहीं ली। क्षेत्र में इनमें से कोई सुविधा आज तक नहीं दी गई लेकिन अब कूड़ा प्रोजेक्ट दिया जा रहा है, जिसका विरोध किया जाएगा।

उन्होंने मांग की कि इस एमआरएफ प्रोजेक्ट की बजाए हमें स्वास्थ्य केंद्र, व्यायामशाला, सीनियर सिटीजन क्लब व लाइब्रेरी दी जाए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निगम की ओर से बनाए जा रहे एमआरएफ सेंटर का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय हिसार में प्लेसमेंट इकाई द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इसका शुभारंभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान ने किया। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. स्नेहलता ने बताया कि 12 जनवरी को महाविद्यालय के सावित्री बाई फूले ब्लॉक में रोजगार मेला लगाया जाएगा जिसमें 40 कंपनी भाग लेंगी। इस अवसर पर कनवीनर डॉ. वीनू मेहता, डॉ. राजपाल, डॉ. कुलदीप, डॉ. सरिता, डॉ. सविता, डॉ. सोनिया, डॉ. निशा, डॉ. ज्योति, डॉ. सोनू आदि उपस्थित थे।

## 3 फीसदी ब्याज की वसूली किसानों से धोखाः राजेंद्र

**हिसार।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिचपड़ी ने कहा कि जिले की को-ऑपरेटिव सोसाइटी में किसानों से 3 फीसदी ब्याज की वसूली की जा रही है जोकि किसानों के साथ सरासर धोखा है। संघ नेता ने बताया कि इस विषय में जब संबंधित मंत्री से बात हुई तो उन्होंने कहा मैं एमडी को बोलता हूं कि जीरो फीसदी ब्याज लिया जाए। उन्होनें बताया कि मैं खुद बैंक में गया तो बैंक सचिव ने बताया कि हमारे पास इस प्रकार का कोई लिखित लेटर नहीं आया है कि ब्याज न दिया जाए। ऊपर से जिले के अधिकारी हमें ब्याज लेने के लिए कह रहे हैं तो हम ब्याज ले रहे हैं।

## बाढ़ ग्रस्त फसलों का मुआवजा जल्द दे सरकार

**जाखल।** वीरवार को भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ब्लॉक कमेटी जाखल ने उतम तलवाडी की अध्यक्षता में जखाल उप तहसील कार्यालय में धरना देते हुए सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राज्य सचिव अजय सिधानी, धर्मवीर सिधानी, जगबिन्दर, सोनू, बन्टी कासिमपुर, गुरप्रीत तलवाडा, सुखविंदर तलवाड़ी, निका साधनवास, काला, भोला आदि किसानों ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त फसलों का मुआवजा मात्र 5 प्रतिशत किसानों को ही मिला है।

## महिला के बैग से लाखों रुपये के गहने चोरी

**फतेहाबाद।** अपने भाई के साथ जा रही महिला के बैग से चोरों ने लाखों रुपये के गहने चोरी कर लिए। इस बारे महिला के पति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जाण्डली खुर्द निवासी अनिल ने कहा है कि गत दिवस उसकी पत्नी नीलम रानी अपने भाई कुलदीप के साथ गांव के बस स्टैण्ड से टोहाना जा रही थी। रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग में से सोने के गहने चोरी कर लिए। उसने आरोप लगाया कि चोरों ने बैग से लाखों रुपये के 9 तोले सोने के गहने चुराए हैं। जब वे अपने घर कालवान पहुंचे और बैग संभाला तो देखा कि बैग में रखे सोने के गहने गायब थे।

## स्कूटी सवार से 70 हजार रुपये की नकदी छीनी

**टोहाना।** क्षेत्र में भारी पुलिस की तैनाती के बावजूद चोरी व लूटपाट की वारदातों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वीरवार को एक बार फिर तीन नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने किला मोहल्ले में स्कूटी पर सवार युवक से 70 हजार रुपये की नकदी छीन ली और फरार हो गए।

### चौधरीवास तथा हिंदवान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

# अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में जुटी सरकार : डिप्टी स्पीकर

- पात्र लाभार्थियों को मौके पर मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने वीरवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधानसभा क्षेत्र नलवा के गांव चौधरीवास तथा हिंदवान में पहुंचने पर स्वागत किया।

उन्होंने गांव चौधरीवास लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। किसी भी योजना के सफल होने के लिए उसका हर लाभार्थी तक पहुंचना बहुत जरूरी है। वर्तमान सरकार का लक्ष्य है कि जो भी योजनाएं बने उनका वास्तविक हकदार को सबसे पहले फायदा मिले। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश-प्रदेश के गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि देश-प्रदेश के गरीब, किसान, महिलाएं और युवा समृद्ध खुशहाल और आत्मनिर्भर व विकसित हो जाएंगे तो आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना स्वयं ही साकार हो जाएगा।

**मुख्य अतिथियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन :** विधानसभा क्षेत्र बरवाला के गांव जेवरा में पूर्व विधायक वेद नारंग ने ग्रामीणों से रूबरू होकर जनसंवाद किया। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा तथा पूर्व विधायक वेद नारंग ने विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।



हिसार। कार्यक्रम में सम्मानित करते पूर्व विधायक वेद नारंग। फोटो : हरिभूमि

### जनसंवाद करते ग्रामीणों की सुनीं शिकायतें

*यात्रा के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, ब्लॉक समिति हिसार द्वितीय के चेयरमैन अजय गावड़, बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल, एसईपीओ जगदीश सोनी, गांव चौधरीवास सरपंच अशोक कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।*



हिसार। किसानों के बेमियादी धरने पर बैठे विभिन्न गांवों से आए किसान।

## सरकार व प्रशासन पर किसानों की सुध न लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- खुले आकाश के नीचे नौवें दिन भी किसानों का धरना जारी

संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में लघु सचिवालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर किसानों का चल रहा धरना आज 9वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मुकेश मलिक उमरा व महेंद्र सिंह बैंदा ने संयुक्त रुप से की व संचालन राजीव मलिक तथा अनिल बैंदा ने किया। जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने अपने संबोधन में कहा कि खुले आकाश के नीचे अपनी मांगों को लेकर दिन और रात कडकती ठंड में किसान धरने पर बैठे हैं परंतु सरकार व प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली है। किसानों से कोई बातचीत करना तो दूर की बात बल्कि प्रशासन किसानों को परेशान करने पर तुला हुआ है। अगर किसी किसान का इस मौसम में कोई बड़ा हादसा हो गया तो उसे हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेवार होगा। किसान नेता दिलबाग हुड्डा ने कहा कि जब तक किसानों को पूरा मुआवजा, आवारा पशुओं पर पूर्ण रोक, नहरों में दो हफ्ते पूरा पानी, नरमा कपास की खरीद एमएसपी पर शुरू नहीं होगी, तब तक अनिश्चितकालीन धरना व आंदोलन जारी रहेगा। धरने को प्रांतीय प्रधान रणवीर सिंह मलिक, श्रद्धानंद राजली, सुरेंद्र मान, हवा सिंह झाझड़िया, सतबीर गढ़वाल, सूबेसिंह बूरा, जसवीर सूरा डाया, राकेश ढाकन कुलेरी, ईश्वर सिंह ग्रेवाल, दशरथ मलिक, राजू खरड़, हर्षदीप सिंह गिल, वेद भगाना, कैलाश उमरा, सोमबीर पिलानिया, सुभाष जांगू, धोलू डाटा भी संबोधित किया।

## जीजेयू के छह विद्यार्थियों का चयन

- ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। टीएंडपी सैल व रियलिटी स्मार्टज के अधिकारियों के साथ चयनित विद्यार्थी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से रियल्टी स्मार्टज प्राइवेट लिमिटेड गुडगांव के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह के अनुसार चयनित विद्यार्थियों में 2024 पासिंग आउट बैच एमबीए जनरल के अंकित कुमार व अमन कुमार, एमबीए फाइनेंस की संजू रानी व सोनी, एमबीए मार्केटिंग की शिवानी सिंह तथा एमकॉम की रितिका सिंह शामिल हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वयन एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के प्रमोद की ओर से किया गया था। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने इस ड्राइव के संचालन के लिए रियल्टी स्मार्टज प्राइवेट लिमिटेड की एचआर मैनेजर रूपांकी शर्मा व आंचल राठी का धन्यवाद दिया।

## आंदोलन लंबा खींचने के लिए सरकार जिम्मेदार

- मांगों को लेकर जिलेभर के पटवारी व कानूनगो ने नौवें दिन भी जारी रखा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार द्वारा मांगों को लेकर वीरवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर नौवें दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रखा गया। धरना की अध्यक्षता पूर्व प्रधान मोनिका ने की तथा मंच का संचालन उप प्रधान गुरुदेव व पूर्व सचिव बलबीर झाझड़िया ने किया। एसोसिएशन के जिला प्रधान आजाद सिंह बिश्नोई ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जनता हमारी समस्याओं को देखते हुए हमारा सहयोग करे। जिला सचिव विकेश कुमार ने बताया कि पटवारी व कानूनगो की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन के चलते आम जनता की दिन प्रतिदिन बढ़ रही परेशानी को समझते हुए सरकार जायज मांगों को जल्द से जल्द से पूरा करे। उन्होंने बताया कि सरकार की हठधर्मिता के कारण एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार और धरना को जारी रखने को मजबूर है। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र दफ्तर कानूनगो, रामनिवास कानूनगो, सतबीर सिंह उप प्रधान, याद मोहम्मद पटवारी व रिटायर्ड कानूनगो सीताराम सहित जिले के समस्त राजस्व विभाग और हरियाणा अर्बन विभाग के पटवारी व कानूनगो उपस्थित रहे।



हिसार। दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के धरना के दौरान प्रदर्शन करते पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

## महान स्वतंत्रता सेनानी व त्याग की मूर्ति थे शास्त्री

- लाल बहादुर शास्त्री का देश की आजादी व विकास में बहुत बड़ा योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

इस श्रद्धांजलि समारोह में हिसार प्रभारी प्रवेश त्यागी ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लाल बहादुर देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे।

वे महान स्वतंत्रता सेनानी व त्याग की मूर्ति थे जिनका देश की आजादी व विकास में बहुत बड़ा योगदान है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, संगठन निर्माण हिसार विधानसभा प्रभारी प्रवेश त्यागी, महिला उपाध्यक्ष कमल सहरावत, महिला शहरी अध्यक्ष स्नेहलता निंबल, महिला उपाध्यक्ष ग्रामीण कमलेश श्योराण, पूर्व चेयरमैन सुखबीर सिंह डुडी, वरिष्ठ नेता अमर गुप्ता, निरंजन गोयल, महिला नेत्री कृष्णा दुग्गल, महिला हलका अध्यक्ष मनीषा दहिया, गीता आहूजा, अंजली सोनी, ओमप्रकाश बजाज, युवा नेता सुरेश पंघाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



हिसार। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग लाल बहादुर शास्त्री की फोटो पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

अग्रसेन चौक के पास स्थित हरियाणा मजदूर संघ के कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर बरवाला से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रहे भूपेंद्र गंगवा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए और अध्यक्षता हरियाणा मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष रोहतास ग्रोवर ने की। मुख्य अतिथि भूपेंद्र गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के दूसरे प्रधानमंत्री, ईमानदारी व बहादुरी के प्रतीक व सादगी की मिसाल थे। इस अवसर पर पंडित ज्ञानी राम बिच्छपड़ी, सत्यवान भ्याण, राजेंद्र पोसवाल, सुनील कुमार, मुरारीलाल बंसल, रमेश गोयल, बलवान सिंह, प्रधान विनोद डोंगर, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।



बरवाला। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा के मंत्री की हार राजस्थान की जनता का असली मत : हरपाल बूरा



**हिसार।** कांग्रेस नेता एवं हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायिक सदस्य हरपाल सिंह बूरा ने कहा कि राजस्थान उपचुनाव का परिणाम राजस्थान का असली चुनावी नतीजा है। राजस्थान में नवंबर में आम चुनाव में श्री करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमित सिंह कुन्नर के निधन से इस सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। गत 5 जनवरी को हुए चुनाव में भाजपा ने पहले ही सुरेंद्रपाल को उपमंत्री बना दिया था परन्तु वे कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह से चुनाव हार गए। प्रदेश में यह पहली बार हुआ है जब विधायक बनने से पहले मंत्रीपद की शपथ लेने वाले नेता चुनाव हार गए हों। ये भाजपा के लिए एक महीने पहले सत्ता में आने के बावजूद भारी झटका है। हरपाल बूरा ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार भाजपा के जीतने पर 18 राजनीति दलों ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की चुनाव आयोग से मांग की थी क्योंकि तीनों राज्यों स्वयं भाजपाई भी मानते थे कि काग्रेस पार्टी जीत रही है परन्तु परिणाम बता रहे है कि कहीं न कहीं ईवीएम में गडबड़ी लगती है।

## बिजली कर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी

**हांसी।** स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कार्यकारी अभियंता के खिलाफ सब यूनिट हांसी में दूसरे दिन वरिष्ठ उप प्रधान सतीश बड़सी की अध्यक्षता में धरना लगाया। धरने का संचालन सचिव पवन कुमार ने किया। धरने को राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र यादव, अमीरचंद जांगड़ा, रणजीत सैनी, रामनिवास, अनिल शर्मा, सुमित कुमार, विजय नागर, अनुज गोयल, सरीना, प्रवीण कुमार आदि ने संबोधित किया।



हिसार। वाहनों की चेकिंग करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने 112 चालान काटे

- पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने जांचे नाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस ने जिले में सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने लगभग 972 वाहन चैक करके ट्रेफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 112 वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने नाकों को चैक किया और नाकों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए।

### वाहन चालकों को किया जागरूक

सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने धुंध के समय यातायात नियमों और लेन ड्राइविंग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस की टीमों द्वारा चैकिंग के दौरान यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को अपनी लेन में वाहन चलाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने व धुंध के समय धीमी और रक्षात्मक तरीके से वाहन चलाने के बारे में जागरूक किया गया।

## लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**हिसार।** हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल तथा चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 13 जनवरी से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पर्व पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चौधरी सूरजमल एनक्लेव, सेक्टर 5 में करवाया जाएगा। हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के कार्यालय प्रभारी रविंद्र श्योराण ने बताया कि कार्यक्रम में सोनीपत से चंद्र कुमार के निर्देशन में लगभग 15 सदस्यीय कलाकारों के दल द्वारा लोकगीत, रागनी, लोक नृत्य तथा हास्य से भरपूर प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हिसार लोकसभा क्षेत्र से सांसद बृजेंद्र सिंह शिरकत करेंगे तथा बरवाला से विधायक जोगीराम सिहाग कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ समाजसेवी नरेश नैन तथा हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के अतिरिक्त निदेशक महावीर गुड्डू शिरकत करेंगे।

**NOTICE**

I, Rajbala W/o Sh. Sudhir Verma R/o Village Mandi Adampur Tehsil Adampur Distt. Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Rajbala to Rajni Singh Verma. I may be known as Rajni Singh Verma, in future for all purposes.

### कुलपति ने बृहस्पतिवार को आवेदन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया

# विवि के सभी इंजीनियरिंग विभाग प्रतिष्ठित : प्रो. नरसीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- गुजवि ने सब केटेगरी इंजीनियरिंग में देश की प्रतिष्ठित एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 के लिए किया ऑनलाइन आवेदन

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सब केटेगरी इंजीनियरिंग में देश की प्रतिष्ठित एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को आवेदन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। इस अवसर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी इंजीनियरिंग विभाग प्रतिष्ठित विभाग हैं। इन विभागों ने अपने आप को अनुसंधान में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया है। इंजीनियरिंग विभागों के शिक्षक अत्यंत अनुभवी हैं तथा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन के साथ अपने अनुसंधान क्षेत्रों में अग्रणी हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग विभागों को इस सब केटेगरी इंजीनियरिंग में बेहतर एनआईआरएफ रैंकिंग मिलने की लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार छोकर ने बताया कि इंजीनियरिंग विभाग शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं। इन विभागों के पूर्व विद्यार्थी देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवारत हैं। डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य ने बताया कि इंजीनियरिंग विभागों में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग व इमर्जिंग टेक्नोलॉजी शामिल हैं। इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल, उप निदेशक प्रो. कश्मीरी लाल, विनोद गुलाटी व कमलेश उपस्थित रहे।



हिसार। आवेदन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



हिसार। ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

### ब्रह्मज्ञान मंदिर में ज्योति उत्सव का समापन

**हिसार।** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में ब्रह्मलीन श्रीयोग शब्दानंद महाराज व संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू किए गए ज्योति उत्सव का समापन आज प्रातः मंदिर प्रांगण में 54 हवन कुंड पर 108 जोड़ों द्वारा हवन-यज्ञ करके किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्योति उत्सव में भाग लिया। हवन से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा ज्योत जलाकर पूजा-अर्चना की गई।

### 201 युवाओं का यूथ आईकॉन अवॉर्ड के लिए चयन

**हिसार।** राह ग्रुप फाउंडेशन में प्रदेश के 201 युवाओं का यूथ आईकॉन अवार्ड के लिए चयन किया है। ये अवार्ड भारतीय संस्कृति को वैश्विक पटल पर नया आयाम प्रदान करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे माह आयोजित होने वाले सम्मान समारोह कार्यक्रमों में प्रदान किए जाएंगे। हिसार जिले के युवाओं के लिए यूथ आईकॉन अवार्ड समारोह 21 जनवरी को किया जाएगा।

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान विवि के परिणाम जारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि जून 2023 में आयोजित बीएड एडिशनल प्रथम वर्ष (मेन) बैच 2017, 2018, 2019 व 2020, एमएड द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020 व 2021, मई 2023 में आयोजित एमए हिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 तथा जनवरी 2023 में आयोजित एमएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2018 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### नंबरदार रामस्वरूप के निधन पर जताया शोक

**हांसी।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बृहस्पतिवार को गांव गुराना पहुंचकर नंबरदार रामस्वरूप के निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा की स्वर्गीय रामस्वरूप नंबरदार एक नेक दिल इंसान थे। श्रम मंत्री अनूप धानक तथा जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित बूरा ने स्वर्गीय रामस्वरूप के निधन पर शोक प्रकट किया।

### रेलवे स्टेशन पर दूसरे दिन भी किया क्रमिक अनशन

**बरवाला।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन अंबाला मंडल धूरी ब्रांच के महामंत्री बी.सी.शर्मा के आह्वान पर रेलवे स्टेशन बरवाला के प्रांगण में अनेक मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर दूसरे दिन भी क्रमिक अनशन किया गया। क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन धूरी ब्रांच शाखा सचिव वेद प्रकाश चौहान के नेतृत्व में किया गया। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन अंबाला मंडल धूरी ब्रांच द्वारा 12 जनवरी को दिल्ली जंतर मंतर पर कूच किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक कर्मचारी बूटा सिंह, करण सिंह, सोनू कश्यप, राजेश यादव, सतबीर सिंह, हैप्पी, आदि मौजूद रहे।

# जिंदल स्टेनलेस ने 37वें राष्ट्रीय कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2023 में जीते 15 पुरस्कार

- उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पुरस्कार प्राप्त करने जिंदल स्टेनलेस के अधिकारी व कर्मचारी।

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस की क्वालिटी सर्कल टीमों ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 37वें राष्ट्रीय कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस में 13 सर्वोत्कृष्टता और दो उत्कृष्टता पुरस्कार हासिल किए।

नागपुर में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में घोषित प्रतिष्ठित पुरस्कारों ने गुणवत्ता प्रबंधन के तौर-तरीकों में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को मान्यता दी है। इस वार्षिक कार्यक्रम के 37वें संस्करण में विभिन्न उद्योगों की 600 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिसमें गुणवत्ता अवधारणाओं की सफल केस स्टडीज पेश की गईं। मूल्यांकन मापदंडों में केस स्टडी, परियोजना ज्ञान परीक्षण और विषय-विशिष्ट प्रस्तुतियों की विस्तृत समीक्षा शामिल थी। प्रतिभागी टीमों ने संगठन में निरंतर सुधार व दक्षता के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न अवधारणाओं पर प्रस्तुति दी, जिसमें 5एस, काइजन, लीन क्वालिटी सर्कल आदि शामिल हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश ने कहा कि ये पुरस्कार उत्कृष्टता की सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह उपलब्धि हमारे परिचालन के हर पहलू में सर्वोच्च गुणवत्ता प्रदान करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है।

# प्रिंटिंग में पीएचडी करने वाली पहली शिक्षिका बनी डॉ. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों ने बधाई दी



हिसार। गुजवि मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग की शिक्षिका डॉ. वंदना गुप्ता।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग की शिक्षिका डा. वंदना गुप्ता पूरे उत्तर भारत में प्रिंटिंग में पीएचडी करने वाली पहली महिला शिक्षिका बनी हैं। इस उपलब्धि पर मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। अपने गुरु विख्यात शिक्षक डॉ. अम्बरीश पांडे के मार्गदर्शन से प्राप्त की है। उनके शोध का विषय हाइब्रिड मॉड्यूलेटेड स्क्रीन (एक्स एम) और डिजिटल मॉड्यूलेटेड स्क्रीन (डीएम) का ऑफसेट और डिजिटल मुद्रण प्रक्रिया की मुद्रण उपयुक्तता का एक प्रयोगसिद्ध अध्ययन है। विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज तिवारी ने गुरुवार को बताया कि भारत में डीएम स्क्रीनिंग का दायरा व्यापक है। डीएम स्क्रीनिंग तकनीक को आंशिक रूप से समाचार पत्र क्षेत्र द्वारा अपनाया गया है। वाणिज्यिक क्षेत्र भी डीएम प्रौद्योगिकी का उपयोग शुरू करने के लिए तैयार हैं। डीएम स्क्रीनिंग तकनीक का उपयोग करके मुद्रण क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ हो सकता है क्योंकि अगली पीढ़ी की तकनीक औरैया-2 होगी। इस क्षेत्र में अग्रिम अध्ययन शोधार्थियों और छात्रों के लिए भी उपयोगी होगा। डॉ. वंदना गुप्ता की विशेषज्ञता का क्षेत्र, रंग प्रबंधन तथा गुणवत्ता नियंत्रण है। उनके द्वारा लिखित कई शोध पत्रों के कारण उनका नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में भी शामिल है। इस विभाग में वे 21 वर्षों से कार्यरत हैं। डॉ. वंदना गुप्ता अपने विभाग व विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वचनबद्ध व कार्यबद्ध हैं। डॉ. पंकज तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय का मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग अग्रणी विभागों में से एक है। साथ ही विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दिलाने में भी यह विभाग महत्वपूर्ण स्थान रखता है।



हिसार। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. आशा खेदड़। फोटो : हरिभूमि

# तीसरी बार सरकार बनाने में सहयोग दें ग्रामीण

- पैतृक गांव पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ का स्वागत

हरिभूमि न्यूज हिसार

भाजपा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की नियुक्ति पर उनके स्वागत समारोह जारी है। इसी कड़ी में पैतृक गांव पहुंचने पर आशा खेदड़ का ग्रामीणों ने लड्डुओं से तोलकर जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने कहा कि उन्हें ग्रामवासियों ने जो सम्मान दिया है, उसे वे कभी भूला नहीं पाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि जिस प्रकार उन्होंने उनका स्वागत किया है, उसी तरह आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा का साथ देकर केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पैतृक गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने समारोह आयोजित करके उन्हें लड्डुओं से तोला और अनेक जगहों पर फूलमालाएं डालकर स्वागत किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच शमशेर उर्फ शेरू, डॉ. राजबीर, सतीश चेयरमैन, ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन पवन, गौशाला प्रधान बसाउराम, मा. सुभाष, धर्मबीर फौजी, कुलदीप पंच, नरेश कुमार, राजाराम, राधेश्याम प्रजापति, देवदत्त शर्मा, शमशेर वाल्मीकि, रवित व रणदीप सिंह सहित सैंकड़ों ग्रामीण व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए विधायक ने विश्राम गृह में की अधिकारी के साथ मीटिंग

# हांसी को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए भाखड़ा से उपलब्ध करवाया जाएगा पानी

अधिकारियों के विस्तृत प्रस्ताव को जल्द सरकार के पास भिजवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। विश्राम गृह में अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते विधायक विनोद भ्याणा। फोटो : हरिभूमि

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि शहर वासियों को पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित करवाने के लिए भाखड़ा नहर से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा तैयार किये जा रहे विस्तृत प्रस्ताव को जल्द सरकार के पास भिजवाने के निर्देश दिए ताकि तुरंत मंजूरी दिलवाकर भाखड़ा का पानी हांसी लाने के लिए निर्माण कार्य शुरू करवाया जा सके। यह बातें विधायक भयाना ने बृहस्पतिवार को विश्राम गृह में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ढाणी कुतुबपुर सड़क के पास 14 एकड़ क्षेत्र में नए वॉटर टैंक का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके साथ-साथ 15 एमएलडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निर्माण करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त हांसी-जींद रोड स्थित जल घर में भी 8 एमएलडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करवाया जाएगा। जलघर की चारदीवारी भी बनवाई जाएगी तथा जल घर की पंपिंग मशीनरी को भी बदलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों पर लगभग 30 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इनमें से कई कार्यों पर काम शुरू हो चुका है और जिन कार्यों पर अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है उन्हें भी जल्द शुरू करवाया जाएगा।

### कई गांवों में बनाए जाएंगे नए जल घर

विधायक ने कहा कि हलके के हर गांव के प्रत्येक घर को पर्याप्त जलापूर्ति करवाना हमारी प्राथमिकताओं में शुमार है। इसके मध्येनजर हल्के के ढाणी महेन्द्रा, भाटोल रांगडान, जीतपुरा, प्रेम नगर, ढाणी बुखारी व धर्मपुरा सहित कई गांव में जलापूर्ति को लेकर जल घरों का निर्माण करवाया जाएगा तथा ढाणी पीरवली, महेन्द्रा, हाजमपुर, ढाणी सांकरी, ढाणा कलां व अन्य कई गावों में अतिरिक्त वॉटर टैंक बनवाए जाएंगे। बैठक में एसडीएम मोहित महराणा, जन स्वास्थ्य विभाग की कार्यकारी अभियंता कंचन वर्मा, एसडीओ जय सिंह सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इनेलो उम्मीदवार रहे कुरड़ाराम नंबरदार ने पार्टी छोड़ी

- उचित मान-सम्मान नहीं मिलने से खफा हैं कुरड़ाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते कुरड़ाराम नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

आदमपुर से इनेलो की टिकट पर उपचुनाव लड़ने वाले इनेलो नेता कुरड़ाराम ने अपने पार्टी को अलविदा कह दिया है। उन्होंने पार्टी में उचित मान-सम्मान न मिलने पर पार्टी छोड़ने की कही है।

कुरड़ाराम नंबरदार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इनेलो में शामिल होने के बाद से ही इनेलो पार्टी के प्रमुख व अन्य पदाधिकारी ने उन्हें कोई मान-सम्मान नहीं दिया। इसके अलावा उन्हें किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिला। यहां तक कि उन द्वारा बार-बार पार्टी प्रमुख को अवगत करवाने के बाद भी उन्हें प्रताड़ित करने का कार्य किया गया। कुरड़ाराम नंबरदार ने पूर्व सीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि हुड्डा ने उन्हें आदमपुर उपचुनाव में टिकट नहीं दी। मैं 42 साल से कांग्रेस से जुड़ा हुआ था। ऐसे में मुझे कांग्रेस छोड़ इनेलो में शामिल होने के मजबूर होना पड़ा, लेकिन वहां भी मान-सम्मान नहीं मिला। किसी अन्य पार्टी का दामन थामने के सवाल पर उन्होंने कहा कि शीघ्र ही साथियों की बैठक बुलाकर उनसे विचार विमर्श के बाद आगामी निर्णय लिया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से घासीराम लौरा, हनुमान लौरा, बलराज बिजला, सतबीर कासनिया, सतबीर बांडाहेड़ी, अशोक लौरा, बेली बालसमंद, अमन लौरा, सुशील श्योराण, मेनपाल महता बांडाहेड़ी, कुलदीप सोनी बालसमंद आदि उपस्थित थे।

# सीलिंग प्लान से अपराधियों में भय : एसपी

- हांसी पुलिस ने 1347 वाहनों को चैक कर 134 वाहनों के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। सीलिंग प्लान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके 1347 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 134 वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट का 1, बिना सीट बेल्ट के 7, ओवर स्पीड के 10, नो जोन पार्किंग के 18, रांग लेन ड्राईव के 10, प्रेशर हॉर्न के 2 तथा यातायात के नियम तोड़ने वालों के 96 चालान किए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान नारनौंद पुलिस एक व्यक्ति को 72 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करके आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# हांसी की बेटी को दिल्ली में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी भाषण प्रतियोगिता

**हांसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी ऑनर्स की छात्रा है व हांसी के बेटी वसुंधरा गोयल ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नेहरू युवा केंद्र दक्षिण दिल्ली के माध्यम से जिला व राज्य स्तर पर मेरा भारत, विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सर्वोदय कन्या विद्यालय, दरियागंज में किया गया था। राष्ट्र निर्माण एवं नीति निर्धारण में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वसुंधरा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया और अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आने वाली 12 जनवरी को विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। बता दें की वसुंधरा हांसी से आर्ट ऑफ लिविंग के सीनियर फैकल्टी संदीप गोयल की पुत्री हैं।

# डीएचबीवीएन के सीएसआर बैडमिंटन ट्रेनिंग कैंप का आगाज

- 11 जिलों से आए खिलाड़ी लेंगे गहन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। खिलाड़ियों को संबोधित करते डीएचबीवीएन के चीफ इंजीनियर (ऑपरेशन) नवीन वर्मा।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) परिसर स्थित सीएसआर बैडमिंटन ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है जो 15 जनवरी तक हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस कैंप में हरियाणा के 11 डिस्ट्रिक्ट के कुल मिला कर 24 खिलाड़ियों (सब जूनियर अंडर-13 और अंडर-15 और जूनियर अंडर-17 व 19 साल) ने भाग ले रहे हैं। ट्रेनिंग के लिए आए खिलाड़ी अंबाला, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, जींद, चरखी दादरी, रोहतक, हिसार, करनाल, पानीपत और रेवाड़ी से हैं। इस कैंप में खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच व फिजिओथेरेपिस्ट सुरेंद्र और वीरेंद्र जिन्होंने एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ कार्य किया है, भी उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन समारोह में चीफ गेस्ट के रूप में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम चीफ इंजीनियर (ऑपरेशन) हिसार व चेयरमैन सीएसआर सेल नवीन वर्मा और उनके साथ अधीक्षक अभियंता (ऑपरेशन) ओमबीर, अधीक्षक अभियंता (कंस्ट्रक्शन) व विजेंद्र लांबा बिजली निगम और कमल शर्मा प्रेसिडेंट, हिसार डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन मौजूद रहे। इस मौके पर नवीन वर्मा ने कई दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों के बारे में बताते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और और उन्हें यह बताया कि अगर वह इसी प्रकार से मेहनत करते रहे तो वह भी एक दिन भारत का नाम दुनिया के नक्शे में रोशन करेंगे।

### 13 को चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन का शुभारंभ

**मंडी आदमपुर।** जन कल्याण को समर्पित सामाजिक संस्था चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन का 13 जनवरी को गांव मोडाखेड़ा में शुभारंभ होगा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा व सचिव चंद्रशेखर शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा और जन कल्याण के क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा करना है। एडीजीपी श्रीकांत जाधव मुख्य अतिथि तथा समाजसेवी ओमप्रकाश गोदारा विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों की आंखों की निशुल्क जांच तथा दवाइयां दी जाएगी। जरूरतमंद मरीजों की आंखों की सर्जरी भी फाउंडेशन द्वारा करवाई जाएगी।

### हत्या प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में इंद्रा नगर निवासी अरमान उर्फ पिल्लू को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस अब तक इस मामले में आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक हनुमान ने बताया कि इस सबंध में ऑटो चालक कृष्णा नगर निवासी संदीप ने शिकायत दी। शिकायत के अनुसार गत दो नवंबर की रात में उसके घर के बाहर 8-10 लोग लड़ाई झगड़ा कर रहे थे जब उसने उन्हें टोका तो उपरोक्त आरोपित अरमान उर्फ पिल्लू ने घोलू, लक्की, युवराज उर्फ दूदू, अभिषेक उर्फ गोलू, विवेक उर्फ बोखा व अन्य युवकों के साथ शिकायतकर्ता से मार पिटाई की, उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित अरमान उर्फ पिल्लू को जेल भेज दिया गया जबकि नाबालिग आरोपित को जेजे बोर्ड के सम्मुख पेश कर ऑब्जरवेशन होम भेजा गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

## कनीना में हरियाणा स्टेट शैंबो चैंपियनशिप आयोजित

# हिसार के शैंबो खिलाड़ियों ने ट्राफी जीती

- सब जूनियर के 25 किग्रा में कार्तिक ने स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्टेट शैंबो चैंपियनशिप में हिसार के खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम कर ली।

यह चैंपियनशिप महेन्द्रगढ़ के कनीना में आयोजित की गई जिसमें प्रदेशभर से करीब 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। शैंबो कोच सुरेश सैनी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में हिसार से खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मात देकर चैंपियनशिप के विजेता बनी। हिसार के खिलाड़ियों में सब जूनियर के 25 किग्रा में कार्तिक ने स्वर्ण, 30 किग्रा में देव सिंह ने स्वर्ण पदक, 30 किग्रा में निखिल ने रजत पदक, 35 किग्रा में हिमांशु ने रजत, 35 किग्रा नितिन ने कांस्य, 40 किग्रा में अभिषेक ने स्वर्ण पदक, 40 किग्रा में नमन ने कांस्य पदक, 50 किग्रा में अक्षय ने स्वर्ण पदक व 50 किग्रा से अधिक में ललित ने स्वर्ण पदक, 45 किग्रा में रिहान ने स्वर्ण, 58 किग्रा में योगेश ने स्वर्ण व 53 किग्रा मयंक ने स्वर्ण पदक जीता। जूनियर वर्ग में 64 किग्रा में प्रतीक व योगेश कुमार ने स्वर्ण, 71 किग्रा में जतिन सैनी ने स्वर्ण व 79 किग्रा राजकुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

***ठंड में अतिरिक्त एहतियात बरतने की अपील :*** **हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने कहा है कि अत्याधिक ठंड के कारण फसलों, बागवानी, पशुधन, मत्स्य पालन को काफी नुकसान होता है तथा प्रवासी श्रमिकों व किसानों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रवासी श्रमिकों, बेघर व अनाथ व्यक्ति को उचित योजना और पर्याप्त आश्रयों से इस प्रकार की समस्या से बचाया जा सकता है। अत्याधिक ठंड से बचाने के लिए आमजन के बीच जागरुकता पैदा करना अति आवश्यक है।

